भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2490

मंगलवार, 06 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

स्टार्टअप योजना के तहत नौकरियां

2490. श्रीमती हेमामालिनीः

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत वर्षों में देश में स्टार्टअप योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में नौकरियों का सृजन हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जितिन प्रसाद)

(क) और (ख): सरकार ने नवप्रयोग, स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सुदृढ इकोसिस्टम का निर्माण करने और देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम में निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 16 जनवरी, 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरुआत की।

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा दिनांक 19 फरवरी, 2019 की अधिसूचना सा.का.नि. 127 (अ) के तहत निर्धारित पात्रता शर्तों के अनुसार स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत कंपनियों को 'स्टार्टअप्स' के रूप में मान्यता दी जाती है। 30 जून, 2024 की स्थिति के अनुसार, डीपीआईआईटी ने 1,40,803 कंपनियों को स्टार्टअप्स के रूप में मान्यता दी है। वर्ष 2016 में स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरुआत से, मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स ने 15.53 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए जाने की सूचना दी है।

30 जून, 2024 की स्थिति के अनुसार, डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स द्वारा सृजित प्रत्यक्ष रोजगार (स्व-संसूचित) की वर्ष-वार संख्या नीचे दी गई है:

वर्ष	डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स द्वारा सृजित प्रत्यक्ष रोजगार की संख्या
2016	306
2017	51,980
2018	1,00,646
2019	1,63,463
2020	1,81,404
2021	2,10,545
2022	2,74,685
2023	3,91,943
2024*	1,78,316
कुल*	**15,53,288**

*30 जून, 2024 *की स्थिति के अनुसार*

*****